- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देशभर में लोगों ने स्वच्छता अभियान में की व्यापक भागीदारी–प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित।

- प्रधानमंत्री कल प्रदेश को कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात–चित्तौड़गढ़ में जनसभा को करेंगे संबोधित।

- प्रदेश में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की तैयारियां पूरी–भारत निर्वाचन आयोग के दल ने संतोष जताया।

- अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज देशभर में लोगों ने व्यापक स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से एक दिन पहले देशवासियों से स्वच्छता अभियान के लिए आज एक घंटे तक श्रमदान की अपील की थी। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने बाजारों, रेल–पटरियों, जलाशयों, पर्यटन और पूजा–स्थलों सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य में भागीदारी की। इस अभियान में देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के छह लाख 40 हजार से अधिक स्थलों पर श्रमदान किया गया।

प्रदेश में भी स्वच्छता अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कोटा के महावीर नगर इलाके में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता पखवाड़े के तहत जोधपुर शहर में तीन केंद्रीय मंत्रियों ने अलग–अलग स्थानों पर कार्यक्रमों में शिरकत की। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राइका बाग रेलवे स्टेशन पर सफाई कार्य कर श्रमदान किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं और आमजन ने भी श्रमदान कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने पावटा स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में श्रमदान किया और इस मौके पर लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वहीं केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एयरपोर्ट परिसर में स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई। भीलवाड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल पार्क में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय डूंगरपुर की ओर से बिलपन गांव में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। झुंझुनूं में महिला और अधिकारिता विभाग के आह्वान पर स्वच्छता की थीम पर सार्वजनिक पार्क में लोगों ने श्रमदान किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से विभिन्न विभागों के सहयोग से जोधपुर में दूरदर्शन कॉलोनी परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ भी दिलवाई गयी। बीकानेर रेल मंडल की ओर से अभियान के तहत श्रमदान किया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों सहित आम लोगों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। सीमा सुरक्षा बल की ओर से श्रीगंगानगर में बीएसएफ मुख्यालय और रेलवे स्टेशन परिसर में सफाई की गयी। बूंदी, भरतपुर, बारां, नागौर, जालौर, टोंक सहित अन्य जिलों में भी स्वच्छता पखवाडा के तहत साफ सफाई कर श्रमदान किया गया।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री मिश्र ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सम्पूर्ण जीवन सत्य, अहिंसा और न्याय के आदर्श का संदेश देता है। इसी तरह लाल बहादुर शास्त्री का जीवन ईमानदारी और शुचिता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्र की इन महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान और मध्यप्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वे प्रदेश के चित्तौड़गढ़ में लगभग सात हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कुछ विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री का चित्तौडगढ़ में जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। श्री मोदी लगभग साढ़े चार हजार करोड़ रुपये की लागत से बनी मेहसाणा–बठिंडा–गुरदासपुर गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे आबूरोड स्थित एच पी सी

एल के एलपीजी संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी राष्ट्रीय राजमार्ग–12 पर दर्रा–झालावाड़–तीनधार सड़क मार्ग को चार लेन का बनाने वाली परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इससे कोटा से झालावाड़ तक खनन उत्पादों की ढुलाई आसान होगी। प्रधानमंत्री चित्तौड़गढ़–नीमच रेल लाइन और कोटा–चित्तौड़गढ़ विद्युतीकृत रेलवे लाइन के दोहरीकरण से जुड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। वे स्वदेश दर्शन योजना के तहत नाथद्वारा में विकसित पर्यटन केंद्र का उद्घाटन भी करेंगे। नाथद्वारा, संत वल्लभाचार्य के लाखों अनुयायियों के लिए तीर्थ स्वरूप है। प्रधानमंत्री कोटा में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के स्थायी परिसर का भी उद्घाटन करेंगे।

000

आज से ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाज़ी, कैसिनो, जुआ खेलने, घुड़दौड़ और लॉटरी पर वस्तु और सेवाकर यानी जीएसटी की दर बढ़कर 28 प्रतिशत हो गई है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इन सेवाओं पर जीएसटी दर बढ़ाने का फैसला इस वर्ष अगस्त में जीएसटी परिषद् की 51वीं बैठक में लिया गया था।

000

प्रदेश में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए तीन दिन के दौरे पर जयपुर आए भारत निर्वाचन आयोग के दल ने चुनाव की तैयारियों को लेकर संतोष जताया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज जयपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश के युवा और महिला मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि राज्य में इस बार 21 लाख 90 हजार ऐसे युवा मतदाता है जो पहली बार वोट देंगे। श्री कुमार ने युवाओं से मतदान में रूचि दिखाने और अपने मताधिकार का उचित उपयोग करने का अनुरोध किया।

..................

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में 51 हजार पोलिंग बूथ तैयार किये गये है। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में पोलिंग बूथों की संख्या ज्यादा है। इनमें से आधे मतदान केन्द्रों पर आयोग की ओर से मतदान की वेबकास्टिंग की जायेगी। ताकि मतदान में होने वाली किसी भी गड़बड़ी को पकड़ा जा सके। मुख्य चुनाव आयुक्त ने उम्मीद जताई कि लोग प्रदेश में निष्पक्ष चुनाव करवाने में आयोग का सहयोग करेंगे। श्री कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग पहली बार बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही वोट डालने की सुविधा उपलब्ध करवाएगा।

000

प्रदेश में आज से वन्यजीव सप्ताह की शुरूआत हो गयी है। सप्ताह के दौरान वन विभाग की ओर से वन और वन्य जीवों के संरक्षण जागरुकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस बीच, राज्य के वन्यजीव अभ्यारणायों में आज से नया पर्यटन सत्र शुरू हो गया है। सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सत्र के पहले दिन रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में सफारी करने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। जिनका परंपरागत रूप से स्वागत किया गया।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बूँदी में ब्लॉक स्तर पर वृद्धजनों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्हें विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया गया। बारां में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से अटरू स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सवाईमाधोपुर में बुजुर्गों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किये गये। झालावाड़ में मिनी सचिवालय सभागार में वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अस्सी वर्ष और इससे अधिक की आयु वाले मतदाताओं को सम्मानित किया गया। निर्वाचन विभाग की ओर से बाड़मेर में सौ साल या इससे अधिक आयु के मतदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

000